# श्रावण मास में 41 शिव मंदिरों पर रहेगी पुलिस की पहरेदारी

**मथुरा।** प्रशासन ने जनपद के 41 शिव मंदिरों को चिन्हित किया है, जहां श्रावण मास में मुख्य रूप से कांवडिया भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। जिला प्रशासन ने श्रावण मास को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पूरा खाका खींचा है। सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मथुरा प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने तहसील में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा से लेकर सफाई, पेयजल, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं तक की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), रोडवेज, विद्युत और स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ मार्गों पर स्वच्छता और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के साथ सड़कों और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। प्रशासन और पुलिस का प्रयास है कि श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में भगवान शिव के मंदिरों तक पहुंचकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर सकें। पुलिस के मुताबिक, जनपद के 41 शिव मंदिरों में कांवड़ यात्रियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी।




**कान फोडू आवाज में नहीं बजेंगी डीजे**

एसएसपी ने आयोजकों और आमजन से अपील की कि न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए साउंड बॉक्स 12 फीट से अधिक ऊंचाई पर न लगाए जाएं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर किया जाए।

**आपत्तिजनक गीतों को बजाने की अनुमति नहीं**

साथ ही अश्लील या आपत्तिजनक गीतों के प्रसारण की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन की ओर से यह भी कहा गया है कि जिन मार्गों से कांवड़ यात्रा गुजरेगी, वहां स्थित मांस एवं मांसाहार की दुकानें यात्रा के दौरान बंद रखी जाएंगी। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सावन में कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

## हाईवे पर गश्त कर रही पुलिस जीप को कंटेनर ने मारी टक्कर, दो पुलिसकर्मी घायल

**मथुरा।** आगरा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात गश्त के दौरान हादसा हो गया। रैपुरा जाट पुलिस चौकी की सरकारी जीप को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस जीप सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी, अनियंत्रित कंटेनर भी खाई में पलट गया। हादसे में जीप सवार दो पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे रैपुराजाट पुलिस चौकी की सरकारी जीप हाईवे पर नियमित गश्त कर रही थी। बताया गया कि चार पुलिसकर्मियों को चौकी पर छोड़ने के बाद जीप गश्त के लिए निकली थी।



इसी दौरान भीमनगर के समीप गोवर्धन ड्रेन के पास मथुरा से आगरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से पुलिस जीप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद कंटेनर भी संतुलन खोकर खाई में पलट गया। हादसे में पुलिसकर्मी भरत और मोहित गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसका क्लीनर हादसे के बाद फरार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि रैपुराजाट पुलिस चौकी की गश्ती जीप को कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी थी, जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दोनों का उपचार चल रहा है। कंटेनर चालक और वाहन को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आज तक के लिए की गई थी रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था

**मुड़िया पूर्णिमा मेला में रेलवे ने 3 लाख 17 हजार 664 यात्रियों को कराई यात्रा**

**रेलवे को 3 करोड़ 16 लाख 98 हजार का मिला राजस्व**

**यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि के ध्येय को लेकर संभालते रहे अधिकारी एवं कर्मचारी व्यवस्था**

**मेले के लिए की गई विशेष व्यवस्था आज भी जारी रहेगी**



**मथुरा।** रेलवे के आगरा मंडल द्वारा 24 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित गुरु पूर्णिमा, मुड़िया मेला-2026 के दौरान मथुरा जंक्शन एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की भारी भीड़ के बीच उत्कृष्ट प्रशासनिक, सुरक्षा एवं परिचालन व्यवस्थाओं के माध्यम से मेले का सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरीश कुमार गुप्ता, मेला अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराई गई। मेला अवधि में मथुरा जंक्शन से कुल 3,17,664 यात्रियों ने रेल यात्रा की, जिससे 3,16,98,315 का यात्री राजस्व अर्जित हुआ। वहीं स्टेशन पर 8,14,158 श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का फुटफॉल दर्ज किया गया। इसी प्रकार गोवर्धन रेलवे स्टेशन से 31,592 यात्रियों ने रेल यात्रा की, जिससे 12,25,340 का यात्री राजस्व प्राप्त हुआ तथा 65,744 श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का फुटफॉल दर्ज किया गया।

मेले के सफल संचालन के लिए मथुरा जंक्शन पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 24M7 निगरानी सुनिश्चित की गई। मथुरा मेला कंट्रोल रूम में प्रतिदिन एक जेएजी स्तर के अधिकारी तथा गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन एक जूनियर स्केल अधिकारी की तैनाती की गई। इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम में शिफ्टवार अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाए रखा गया।

यात्रियों की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन के लिए लगभग 350 रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों, 90 वाणिज्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों, 90 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा 85 भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्वयंसेवकों को शिफ्टवार तैनात किया गया। मथुरा जंक्शन एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर लगभग 280 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी रखी गई। भीड़ को सुव्यवस्थित रखने के लिए मथुरा जंक्शन पर फर्स्ट एंट्री एवं थर्ड एंट्री होल्डिंग एरिया तथा गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाए गए। मंडल कार्यालय आगरा स्थित वॉर रूम में मेले की अवधि के दौरान प्रतिदिन अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे 24M7 निगरानी, समन्वय एवं त्वरित निर्णय लेकर सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी संचालन किया गया। श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए प्रतिदिन लगभग 20 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके अतिरिक्त 4 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, 5 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी विस्तार तथा आवश्यकता पड़ने पर ट्रेन ऑन डिमांड (टीओडी) चलाने की व्यवस्था भी रखी गई। टिकट वितरण को सुगम बनाने के लिए मथुरा जंक्शन पर 21 तथा गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर 4 अतिरिक्त टिकट खिड़कियां संचालित की गईं। साथ ही मोबाइल अनारक्षित टिकट प्रणाली (एम-यूटीएस) के माध्यम से भी टिकट उपलब्ध कराए गए, जिसके लिए मथुरा जंक्शन पर 11 तथा गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर 3 एम-यूटीएस उपकरण लगाए गए। इससे यात्रियों को लंबी कतारों से राहत मिली और टिकट वितरण की प्रक्रिया अधिक तेज एवं सुगम बनी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए दोनों स्टेशनों पर खोया-पाया केंद्र, हेल्प डेस्क, चिकित्सा सहायता बूथ, शिफ्टवार चिकित्सकों की उपलब्धता, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार, यांत्रिक तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे मेला अवधि के दौरान 24M7 अलर्ट मोड पर कार्यरत रहे।

श्रद्धालुओं की निरंतर बनी हुई भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाओं की अवधि दो दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रेलवे द्वारा 2 अगस्त तक सुरक्षा, टिकटिंग, पेयजल, चिकित्सा, सहायता केंद्र, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य सभी यात्री सुविधाएं पूर्ववत उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलता रहे। मथुरा मंडल रेल प्रशासन ने मुड़िया पूर्णिमा मेला-2026 के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी विभागों, रेल सुरक्षा बल, जीआरपी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, स्वयंसेवकों तथा समस्त रेलकर्मियों के समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य की सराहना की है।

# अब रेडियो पर ब्रज भाषा में नहीं बजेगा किसान वाणी

**आकाशवाणी महानिदेशालय ने एक अगस्त से नई नीति का भेजा उपग्रह संदेश**

**उत्तर प्रदेश के 13 केंद्रों के प्रोग्राम तीन केंद्रों पर बनेंगे**

**मथुरा।** लगातार गिर रही रेडियो की श्रोता संख्या को प्रसार भारती के नये आदेश से और बट्टा लगाना तय है। अब स्थानीय शैली-बोली में प्रसारित होने वाला खेती किसानी का मुख्य कार्यक्रम किसान वाणी ब्रज भाषा की बजाय लखनवी अंदाज में खड़ी बोली में प्रसारित होगा। महीने में अधिकतम 6 ड्यूटी पाने वाले कैजुअल कंपेयरों की ड्यूटी तो आधी रह गई हैं इधर वेटरनरी विश्वविद्यालय, केन्द्रीय बकरी व सरसों संस्थान आदि के विशेषज्ञों के अनुसंधान का लाभ भी किसान नहीं उठा पाएंगे। 1 अगस्त से आकाशवाणी महानिदेशालय ने नई व्यवस्था लागू करने को उपग्रह संदेश भेज दिया है और उसी के अनुरूप स्थानीय केन्द्र पर ड्यूटी चार्ट भी तैयार हो चुका है। अब से लोकल डायलेक्ट एवं विभिन्न क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप कृषि कार्यक्रम निर्माण के कोई मायने नहीं रह जाएंगे। चंद केन्द्रों पर तैयार प्रोग्राम ही देश के 203 प्राइमरी चैनल, लोकल रेडियो स्टेशन के अलावा 42 विविध भारती केन्द्र तथा 4 मैट्रो रेडियो स्टेशन से प्रसारित होंगे। इस आदेश का अनुपालन 1 एक अगस्त से करने के लिए आकाशवाणी महानिदेशालय ने देशभर के आकाशवाणी केन्द्रों को इस आशय का उपग्रह संदेश पूर्व में ही भेज दिया है। आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र से शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार को प्रसारित होने वाला किसान वाणी कार्यक्रम अब लखनऊ केन्द्र पर तैयार होगा और वह यहां से प्रसारित किया जाएगा। कैजुअल कंपेयर दिलीप कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के लिए भले ही रेडियो को चुना लेकिन नीति नियंताओं ने सुदूर देहात में आज भी सूचनाओं के पहुंचने के माध्यम रेडियो की शाख को और बट्टा लगा दिया है। कृषि विविधता वाले देश में हर राज्य और हर जिले में कई क्लाइमेटिक जोन हैं। कहीं पानी बिल्कुल नहीं तो कहीं जल प्लावन क्षेत्र हैं। हर परिस्थिति के लिए अलग फसलें हैं। किसानों को स्थानीय बोली में चीजें आसानी से समझ आती हैं लेकिन आकाशवाणी महानिदेशालय के नये फरमान से सब गुड़ गोबर होना तय है। 1 अगस्त से उत्तर प्रदेश के 13 केन्द्रों का किसान वाणी प्रोग्राम लखनऊ, बरेली और बनारस केन्द्रों पर तैयार होगा। इसी तरह उत्तराखंड के चार केंद्रों के लिए प्रोडक्शन केवल देहरादून केंद्र पर होगा।

**सांसद-विधायकों की नहीं सुनी बात**

आकाशवाणी के मथुरा वृन्दावन केन्द्र से ब्रज भाषा में प्रसारित होने वाले किसान वाणी कार्यक्रम में अब लखनवी जायका मिलेगा चूंकि सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवानी सिंह व सभी विधायक सूचना एवं प्रसारण मंत्री को ब्रज भाषा के कार्यक्रम बंद न करने को पूर्व में ही पत्र लिख चुके हैं लेकिन उनकी मांग पर कोई अमल नहीं हुआ।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की तैयारियों में जुटा नगर निगम

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त ओजस्वी राज की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन्माष्टमी की तैयारियों का विस्तृत खाका तैयार करते हुए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार जन्माष्टमी की व्यवस्थाएं पिछले वर्षों की तुलना में अधिक प्रभावी, व्यवस्थित और नवाचारयुक्त होनी चाहिए, ताकि देश-विदेश से धर्मनगरी पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगर आयुक्त ने एलईडी स्क्रीन पर पीपीटी के माध्यम से तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों से चर्चा कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने अधिकारियों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अपने-अपने क्षेत्रों का लगातार स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे विश्वस्तरीय धार्मिक आयोजन की गरिमा के अनुरूप प्रत्येक व्यवस्था उत्कृष्ट होनी चाहिए। तैयारियों की प्रगति जानने के लिए आगामी सोमवार को दोबारा समीक्षा बैठक भी बुलाई जाएगी। नगर आयुक्त ने जन्माष्टमी से पहले शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। प्रमुख मंदिरों, परिक्रमा मार्गों और श्रद्धालुओं के आवागमन वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही कृष्ण लीला पर आधारित आकर्षक वॉल पेंटिंग, फसाड लाइटिंग और प्रमुख चौराहों की सजावट कर मथुरा-वृंदावन को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है।



**पार्किंग से पेयजल तक, नोडल अधिकारियों को मिलेगी जिम्मेदारी**

बैठक में पेयजल, मोबाइल शौचालय, प्याऊ, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, भंडारा पंजीकरण, अतिक्रमण हटाने और निराश्रित गोवंश प्रबंधन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा 24M7 कंट्रोल रूम, चिकित्सा सुविधाएं, खोया-पाया केंद्र, प्रसादी वितरण और कैंप कार्यालय की व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए गए।

**25 अगस्त से पहले भंडारा संचालकों का पंजीकरण**

नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को सभी भंडारा संचालकों का पंजीकरण 25 अगस्त से पहले पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं निर्माण विभाग को प्रमुख सड़कों का तत्काल सर्वे कर उन्हें जन्माष्टमी से पहले गड्ढामुक्त करने और आवश्यक मरम्मत कार्य समय से पूरा करने को कहा गया है।

**स्ट्रीट लाइट से विद्युत पोल तक होगी जांच**

विद्युत एवं यांत्रिक अनुभाग को हाईमास्ट, सेमी हाईमास्ट, मिनी हाइमास्ट और स्ट्रीट लाइटों को पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था के साथ विद्युत पोलों की इंसुलेटिव टेपिंग कराने को भी कहा गया है, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अब स्वच्छता अभियान ने पकडी गांवों की डगर, 58 गांवों में चला अभियान

**ब्रज के 58 गांवों में विशेष स्वच्छता अभियान को मिला जनसमर्थन, 2,445 विद्यार्थियों ने किया श्रमदान**

**5,673 परिवारों ने भरे स्वच्छता सहमति पत्र, 3,894 परिवारों ने शुरू किया प्लास्टिक पृथक्करण**

**अभियान के तहत अब तक 1,892 किलोग्राम प्लास्टिक का ग्राम पंचायतों से किया क्रय**



**मथुरा।** श्हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना हैश् महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद की 58 ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों तथा उनसे जुड़े प्रमुख मार्गों के गांवों में नोडल अधिकारियों की निगरानी में श्रमदान, प्लास्टिक पृथक्करण, डोर-टू-डोर जनसंपर्क और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीपीआरओ धनंजय जयसवाल ने बताया कि अभियान में कॉलेजों एवं विद्यालयों के 2,445 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वच्छता श्रमदान किया। अभियान के दौरान 5,673 परिवारों से स्वच्छता एवं घर पर ही कचरा पृथक्करण के लिए सहमति पत्र भरवाए गए। अभियान का सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। 3,894 परिवारों ने अपने घरों में प्लास्टिक कचरे का अलग-अलग संग्रह शुरू कर दिया है। वहीं ग्राम पंचायतों द्वारा 1,892 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट का क्रय कर उसे पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) की प्रक्रिया से जोड़ने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। जैविक एवं अजैविक कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित कराया जा रहा है तथा एकत्रित जैविक कचरे से कम्पोस्ट तैयार करने की व्यवस्था भी की जा रही है। प्लास्टिक अपशिष्ट को वैज्ञानिक तरीके से एकत्र कर रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जा रहा है।

# अब शिक्षा मित्र आंदोलन की राह पर

**मथुरा।** शिक्षा मित्रों की मूल विद्यालय वापसी नहीं हुई तो तीन अगस्त को शिक्षा मित्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने बताया कि शिक्षा मित्रों के स्थानांतरण, मूल विद्यालय वापसी के लिए तीन जनवरी 2025 को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश की ओर से शासनादेश जारी किया गया, जिस पर 12 दिसम्बर 2025 को निदेशक बेसिक शिक्षा की ओर से प्रथम चरण में शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय वापसी किये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को किये गए। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा 8 जनवरी 2026 को मूल विद्यालय वापसी, महिलाओं को उनके ससुराल के नजदीक विद्यालयों में जनपदीय एवं अंतर जनपदीय स्थान्तरण चाहने वाले शिक्षा मित्रों से आवेदन लिए जाने के आदेश भी किये गए। संघठन द्वारा बार बार मूल विद्यालय वापसी के आदेश करने की मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा से की गई लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की लापरवाही की वजह से आज तक मूल विद्यालय चाहने वाले शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय भेजने के आदेश नही किये गए हैं। संघ के जिला अध्यक्ष ने आगे बताया कि प्रदेश नेतृव द्वारा संघ के समस्त जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं जिन जनपदों में दो अगस्त तक मूल विद्यालय वापसी के आदेश नहीं होते हैं उन सभी जनपदों में तीन अगस्त को मूल विद्यालय वापसी के लिए संघ के बैनर तले धरना प्रदर्शन किए जाएं। इस सम्बंध में 25 जुलाई को जिला अधिकारी मथुरा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा को पत्र देकर दो अगस्त तक मूल विद्यालय वापसी न होने पर 3 अगस्त को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किए जाने का ज्ञापन दिए गए हैं ।

# मांट वृंदावन मार्ग पर स्कूल बस में ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी टक्कर, तीन छात्राएं घायल

**मथुरा।** मांट-वृंदावन मार्ग पर शनिवार सुबह बिजलीघर के समीप स्कूली छात्राओं को लेकर जा रही बस ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बस के शीशे टूटने से तीन छात्राएं घायल हो गईं। उन्हें पुलिस और राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांट में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत फरार हो गया। वृंदावन स्थित हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की बस शनिवार सुबह मांट क्षेत्र से छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। बिजलीघर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली से बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बस में दो दर्जन से अधिक छात्राएं सवार थीं। टक्कर लगने से बस के शीशे टूट गए, जिससे जाबरा निवासी चेतना पुत्री प्रेम सिंह, सविता पुत्री नागेंद्र सिंह तथा अलीगढ़ जनपद के गांव गोरई निवासी यति पुत्री कमल सिंह घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी मांट पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। अन्य छात्राएं सुरक्षित हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कूल बस को थाने में खड़ा करा दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चालक की पहचान कराई जा रही है। उसकी तलाश जारी है।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल कैम्प पांच को

**बलदेव।** विकासखंड बलदेव के परिषदीय विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन पांच अगस्त को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बल्देव के सभागार कक्ष में किया जाएगा। इस कैंप में जिला स्तरीय चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच करके उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएंगे। जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गिर्राज सिंह ने बताया कि अभिभावक, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बच्चों की दिव्यांगता दर्शातें हुए चार फोटो, आधार कार्ड व स्वावलंबन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति अवश्य साथ लाएं।

## दो दिवसीय श्री गोपालभट्ट गोस्वामीपाद महोत्सव तीन से

**वृंदावन।** गौड़ीय वैष्णव परंपरा के प्रमुख तीर्थस्थल श्रीराधारमण मंदिर में 3 एवं 4 अगस्त 2026 को दो दिवसीय श्री गोपालभट्ट गोस्वामीपाद महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया जाएगा। महोत्सव में देश-विदेश से बड़ी संख्या में संत-महात्माओं व श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। महोत्सव के प्रथम दिवस 3 अगस्त को मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनभर भक्तिमय वातावरण रहेगा और श्रद्धालु ठाकुर श्रीराधारमणजी के विशेष दर्शन एवं सेवा का लाभ प्राप्त करेंगे। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 4 अगस्त को श्रीराधारमण मंदिर से भव्य नगर संकीर्तन (शोभायात्रा) निकाली जाएगी। यह यात्रा गोपीनाथ बाजार, रंगजी मंदिर, अनाज मंडी, वनखण्डी महादेव, लोई बाजार और शाहजी मंदिर होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु संकीर्तन का स्वागत करेंगे और हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण गूंज उठेगा। मंदिर प्रशासन ने ब्रजवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए सुरक्षा, अनुशासन और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## मुडिया मेला में इस बार कुछ कम रही भीडभाड

**मथुरा।** इस साल मुडिया मेला में विगत वर्ष की तुलना में भीडभाड कुछ कम रहने की बात की जा रही थीं, यह लोगों का सिर्फ अनुमान था जो अब सही लगने लगा है। मुडिया मेला में आने वाली भीड की गणना को लेकर कोई वैज्ञानिक विधि नहीं है, यह रेलवे, रोडवेज मुडिया मेला के दौरान होने वाली कमाई और कुछ दूसरे अन्य इसी तरह के अन्य कारकों से अनुमान लगाया जाता है। रेलवे ने वर्ष 2026 के मुडिया मेला से जुड़े अपने आंकड़े बता दिये हैं। रेलवे के आंकड़ों से यह अनुमानित है कि वर्ष 2024 से अधिक लेकिन वर्ष 2025 से कम संख्या में लोगों ने वर्ष 2026 में मुडिया मेला के लिए ट्रेन से यात्रा की।

-2026 में मुड़िया पूर्णिमा मेला में रेलवे ने 3 लाख 17 हजार 664 यात्रियों को यात्रा कराई और कुल 3 करोड़ 16 लाख 98 हजार की कमाई की।

-वर्ष 2025 के मुड़िया पूर्णिमा मेला अवधि के दौरान उत्तर मध्य रेलवे को 3 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी और लगभग 3.65 लाख यात्रियों को यात्रा कराई थी।

-वर्ष 2024 में गोवर्धन (मथुरा) के मुड़िया पूर्णिमा मेले के दौरान रेलवे को विभिन्न बुकिंग खिड़कियों से कुल 2 करोड़ 16 लाख, 24 हजार 817 रुपये की आमदनी हुई थी। इस पांच दिवसीय मेला अवधि (16 से 22 जुलाई 2024) के दौरान लगभग ढाई लाख श्रद्धालुओं ने विभिन्न ट्रेनों में सफर किया था।

## 9 अगस्त कार सेवा को लेकर राष्ट्रीय हनुमान दल की हुई बैठक

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित शाही ईदगाह परिसर को लेकर प्रस्तावित 9 अगस्त की कार सेवा के संबंध में राष्ट्रीय हनुमान दल द्वारा विभिन्न जनपदों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू के नेतृत्व में प्रस्तावित कार सेवा कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में आज मथुरा, आगरा, हाथरस, अलीगढ़ एवं महानगर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। बैठकों में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं एवं कार सेवकों से 9 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में मथुरा पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के चलते पुलिस ने हटवाए अस्थायी अतिक्रमण**

**राया।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना राया प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में राया पुलिस ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाकर स्थाई व अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। पुलिस ने सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले, खोखे एवं अन्य बाधक सामान को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को सड़क खाली रखने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।कांवड यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवरोध मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।